हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 03 दिसंबर 2024, समय 12:30 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में आज चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों की प्रगति की समीक्षा करेंगे, जिन्हें भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार के लिए लागू किया गया है। कुछ देर पहले श्री मोदी के हवाई अड्डे पर पहुँचने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। कुछ ही देर में प्रधानमंत्री पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉल में उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे।हमारे संवाददाता ने बताया है कि पुलिस द्वारा नए कानूनों के लागू होने के बाद कानून प्रवर्तन, न्यायिक प्रक्रियाओं और साक्ष्य प्रबंधन में सुधार को प्रदर्शित करने के लिए थिएटर कलाकारों की मदद से लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है । इसमें सेक्टर 12 में पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में आठ मंच प्रदर्शन शामिल हैं , जिनमें से एक में हत्या की जांच को दर्शाया जा रहा है।चंडीगढ़ पुलिस ने प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए है। पुलिस ने मोहाली और पंचकूला से शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों की जांच के लिए प्रमुख प्रवेश मार्गों पर नाके लगाए हैं। केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने चंडीगढ़ को आज से कल तक “नो-फ्लाइंग ज़ोन” घोषित किया है।

****
****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देश के पहले राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है।प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की मजबूत नींव रखने में अमूल्य योगदान दिया। श्री मोदी ने कहा कि संविधान की 75वीं वर्षगांठ के महोत्सव के दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद के आदर्श और भी प्रेरणादायक हो गए हैं।

****
****
हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि पलवल नागरिक अस्पताल परिसर में बने हुए नर्सिंग कॉलेज के नए भवन में कॉलेज शुरू करने को लेकर जायजा लिया जाएगा। कल जिला लोक सम्पर्क एवं परिवाद समिति की मासिक बैठक के बाद मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नर्सिंग कॉलेज जल्द ही शुरू कर दिए जाएंगे। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा दिशा निर्देश जारी किए गए है प्रत्येक अस्पताल, स्कूल व कॉलेज के लिए फायर अनापत्ति प्रमाण पत्र होना जरूरी है। सरकार की हिदायतों की पालना नहीं करने वाले अस्पतालों,स्कूल और कॉलेज के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

****
****
हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ० अरविन्द शर्मा ने कल सोनीपत जिले में गोहाना की चौधरी देवीलाल सहकारी चीनी मिल में पिराई सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार मजबूत कदम उठा रही है। गन्ना उत्पादकों की आमदनी बढ़ाने के लिए हरियाणा की सभी चीनी मिलों में इथेनॉल संयंत्र स्थापित किये जा रहे हैं।इस दौरान सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गन्ने की अदायगी के निर्धारित समय को घटाकर एक सप्ताह करने का प्रयास करें । उन्होंने क्षेत्र के पुराने गन्ना उत्पादक किसानों को मिल से जोड़ने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोहाना व बरोदा में पानी की कमी को दूर करने के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है ताकि किसानों को उचित मात्रा में पानी मिल सके और उनकी फसलों की पैदावार अच्छी हो।पिराई सत्र के शुभारंभ समारोह में सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा ने गत पिराई सत्र में मिल गेट पर सबसे अधिक गन्ना आपूर्ति करने वाले गांव मुंडलाना के किसान पवन तथा गन्ना खरीद केंद्र पर सबसे ज्यादा गन्ना आपूर्ति करने वाले गांव भैंसवाल मिठान के किसान दर्शन को सम्मानित किया।

****
****

हरियाणा में राज्यसभा की एक सीट पर उपचुनाव के लिए आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उम्मीदवार 10 दिसंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। यह सीट कृष्ण लाल पंवार के त्यागपत्र के बाद खाली हुई थी। 11 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 13 दिसंबर को नामांकन वापसी की अंतिम तिथि है।अगर जरूरत पड़ती है तो 20 दिसंबर को मतदान करवाया जाएगा। सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान के बाद उसी दिन मतगणना होगी। हरियाणा में 24 दिसंबर को राज्यसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न होगी।

****
****

इस महीने की 8 तारीख को देश के कुछ हिस्सों में “पोलियो उप-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाएगा। यह कार्यक्रम भी मनाया जाएगा। इसमें हरियाणा के 6 जिले कैथल, झज्जर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत और नूंह शामिल हैं। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य , निदेशक डॉ. वीरेंद्र यादव ने पंचकूला में यह जानकारी देते हुए बताया कि देश और हरियाणा 2011 से पोलियो मुक्त बने हुए हैं, लेकिन अफ्रीका के 2 देशों मलावी और मोजाम्बिक ने पोलियो मुक्त होने के 10 से अधिक वर्षों के बाद पाकिस्तान से जुड़े पोलियो वायरस की सूचना दी है, इसलिए 8 दिसंबर को वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा दी जाएगी।

****
****

श्रीनगर में आयोजित हुई 12 वीं जूनियर राष्ट्रीय पंचाक सिलाट प्रतियोगिता में भिवानी के प्रियांशु ने 79 से 83 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।अब वह दुबई में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में भाग लेंगे।पदक विजेता खिलाड़ी का

आज भिवानी पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों से लगभग 4 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया।